मॉड्यूल **13**

क्षेत्र अनावरण



मॉड्यूल के उद्देश्य

प्रशिक्षक प्रशिक्षुओं को निम्न मॉड्यूल उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हैं –

- ☐ प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को सिखाए गए विषयों के बारे में उनकी समझ को बढ़ाना।
- ☐ स्थानीय समुदाय के समृद्ध संसाधनों के साथ उन्हें सक्रिय अनुभव प्रदान करना।
- ☐ उन्हें प्रत्यक्ष तौर पर सक्रिय कार्यकर्ता, प्रासंगिक हितधारक और स्थानीय समुदायों के लिए किए गए पहल को लागू करने के बारे में उनके अनुभवों को बताने का उन्हें अवसर प्रदान करना।

क्षेत्र भ्रमण

क्षेत्र यात्रा के इस सत्र में, यात्रा अनुभवात्मक अध्ययन पर आधारित होना चाहिए जो आगे जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए समझ और स्वीकारोक्ति को बढ़ावा दे सकता है।

पाठ्यक्रम प्रशिक्षुओं को भी स्थानीय स्थिति के अनुसार प्रशिक्षण के सैद्धांतिक अवधारणाओं को संदर्भित करने का लाभ देगा, जो स्थानीय जरूरतों के हिसाब से उपकरण और रणनीतियों को अनुकूल बनाने के महत्व का प्रदर्शन करने के लिए अत्यावश्यक है।

क्षेत्र दौरे के उद्देश्य

- प्रशिक्षण के दौरान सिखाए गए मुद्दों के बारे में आगे प्रशिक्षुओं की समझ विकसित करना य विशेष रूप से वैसे मामलों में जहाँ वे स्पष्ट या सक्रिय रूप से एकी.त नहीं हो सके थे।
- सक्रिय काम करनेवालों और स्थानीय समुदायों के साथ परस्पर संवाद और उनके अनुभवों के फायदे, अवसरों और वर्षा जल संचयन , वाटरशेड प्रबंधन के सफलतम मोड को लागू करने की चुनौतियों।
- विचारों, तरीके और योजना बनाने में रणनीतियां, नकल और/अपने–अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण और प्रबंधन की गतिविधियों को स्केलिंग के साथ प्रशिक्षुओं को लैस करना।
- प्रशिक्षुओं को जल व अपशिष्ट जल के नमूनों के विश्लेषण से परिचित कराना।
- विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन और जल प्रबंधन को व्यावहारिक तौर पर प्रदर्शित करना।

प्रशिक्षक के लिए निर्देश

ध्यान से यात्रा चयन, भ्रमण पूर्व की तैयारी, खुद ही यात्रा, उचित जांच–पड़ताल और मूल्यांकन करना चाहिए।

यात्रा चयन

- क्षेत्र की यात्रा के औचित्य, उद्देश्य और मूल्यांकन की योजना।
- भ्रमण के लिए स्थल का चयन। उस स्थल के लिए स्थानीय जिम्मेदार व्यक्ति से संपर्क करना और अग्रिम में दिनांक और समय तय करना।
- यदि उपलब्ध हो तो पूर्व यात्रा पैकेज की जानकारी प्राप्त करें। (नोट : पते, दिशाएं, जिस व्यक्ति से संपर्क करना है, फोन नंबर, ईमेल पते आदि)
- क्षेत्र यात्रा की प्रमुख विशेषताओं से खुद परिचित होने के लिए एक पूर्व यात्रा करें।
- यात्रा से पहले प्रतिभागियों के साथ साझा करने के लिए कुछ डिजिटल तस्वीरें लें।

प्रचलन तंत्र योजना

- स्थल भ्रमण के लिए संबंधित विभाग (यदि आवश्यक हो) से प्रशासनिक अनुमोदन के लिए आवेदन करें।
- परिवहन की व्यवस्था करें।
- भोजन या दोपहर का भोजन (यदि आवश्यक हो) या नाश्ता, पानी और प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स की व्यवस्था करें।
- दिन के लिए अनुसूची तैयार कर लें।
- विशेष उपकरणों के लिए फिल्म, वीडियो कैमरा व डिजिटल कैमरा की व्यवस्था करें।
- प्रशिक्षुओं के लिए नाम टैग तैयार करें (यदि पहले से ही नहीं किया है तो)।

यात्रा से पहले प्रतिभागियों को तैयार करना

- क्षेत्र की यात्रा के उद्देश्य और यह यात्रा कैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित है इसके बारे में चर्चा करें।
- क्षेत्र यात्रा स्थल की तस्वीरें और पोस्टर दिखाएं व उसके बारे में बताएं।
- क्षेत्र की यात्रा के दौरान अध्ययन किए जानेवाले विषयों के एक पहलू की भूमिका के लिए षविशेषज्ञोंष को जिम्मेदारी सौंपें। प्रशिक्षुओं को विभिन्न विषयों से संबंधित क्षेत्र यात्रा अनुसंधान के लिए समूहों में बांटा जा सकता है (उदाहरण के लिए वाटरशेड, वर्षा जल संचयन आदि)।
- यात्रा करने से पहले वेबसाइट पर छानबीन करें।
- प्रशिक्षुओं के साथ विमर्श करें कि कैसे महत्वपूर्ण सवाल पूछें और यात्रा के दौरान जानकारी इकट्ठा करने के लिए एक खुले अवलोकनों पर मंथन की सूची तैयार करें। चार्ट पेपर पर या एक क्षेत्र यात्रा जर्नल में प्रश्नों को अंकित करें।
- क्षेत्र यात्रा की अनुसूची का अवलोकन करें।

क्षेत्र यात्रा के बाद की गतिविधि

जैसे क्षेत्र यात्रा की सफलता के लिए गुणवत्तापूर्ण पूर्व योजना बनाना आवश्यक है उसी तरह से उचित अनुवर्ती गतिविधियों के लिए भी योजना बनाना जरूरी है, यह प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के कमरे के बाहर सीखने और अपने अनुभवों को बढ़ाने का मौका देगा। क्षेत्र यात्रा के बाद की निम्नलिखित गतिविधियां एक सामान्य मार्गदर्शन प्रदान करती हैंः

- प्रशिक्षुओं को क्षेत्र यात्रा अनुभवों के सामान्य अवलोकनों और प्रतिक्रियाओं को साझा करने के लिए समय देना चाहिए।
- क्षेत्र यात्रा के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूरे किए गए विशेष कार्यों को साझा करें।
- एक बुलेटिन बोर्ड बनाएं जहाँ क्षेत्र की यात्रा के दौरान विकसित या एकत्र की गई सामग्री प्रदर्शित हो।
- क्षेत्र की यात्रा के दौरान क्या हुआ, इसके बारे में एक लघु समाचार रिपोर्ट बनाएं । प्रतिभागियों के बीच रिपोर्ट को पढ़ने के लिए वितरित करें।

यात्रा का मूल्यांकन

प्रशिक्षक प्रशिक्षुओं से जवाब पाने के लिए निम्न सवालों को उठा सकते हैं :

- इस क्षेत्र यात्रा में अद्वितीय शैक्षिक मूल्य क्या थे?
- क्या प्रशिक्षुओं ने उद्देश्यों/उम्मीदों को पूरा क्या?
- क्या यात्रा के बारे में कोई सवाल/प्रतिक्रिया है?
- क्या आप अनुभव करते हैं कि प्रशिक्षण के दौरान जो विषय के सैद्धांतिक पहलू के बारे में आपका ज्ञान पहले से था वह क्षेत्र प्रदर्शन के बाद बढ़ गया है?

नोट्स

प्रशिक्षक महत्वपूर्ण बिंदुओं को नीचे लिख सकते हैं और प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में चर्चा कर सकते हैं।